पंजाब केसरी 19/04/2024

छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कालेज में 28 विद्यार्थियों में मिली छात्रवृत्ति

अम्बाला, 18 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में वीरवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 28 विद्यार्थियों को अलग-अलग स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

छात्रों के बीच योग्यता, बेसहारा बच्चों, आय, अतिरिक्त सह शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रवृत्ति वितरित की गई।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि छात्रवृत्ति का लाभ लेने वाले छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण मौका है, ताकि वह अपने सपनों और पेशेवर लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर हो सकें।

इसके अलावा छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्साहित किया जाता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक प्रयास करता रहेगा।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. भारती विज और श्याम रहेजा आदि मौजूद रहे।